हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : ग॰वि॰वि॰/ RO /2024/184 दिनांक : 12/06/2024

परिपत्र

समस्त सम्बन्धितों को अवगत कराना है कि वर्तमान में विश्वविद्यालय परीक्षायें सम्पादित हो रही हैं एवं तद्नुसार परीक्षा कार्यों के सुचारू सम्पादन हेतु विश्वविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों को समय–समय पर परीक्षा कक्ष निरीक्षक एवं पर्वेक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है। केन्द्राध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया है कि कतिपय प्राध्यापकों द्वारा उनको आवंटित परीक्षा कार्य दायित्वों से अनुपस्थित रहने के कारण अति आवश्यक परीक्षा कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है।

अतः समस्त प्राध्यापकों, जो कि परीक्षा कार्य दायित्वों में संलग्न हैं, उनसे अनुरोध है कि आवंटित परीक्षा कार्य दायित्वों जिसमें कि कक्ष निरीक्षक/पर्यवेक्षक के दायित्व भी सम्मिलित हैं, का सम्पादन प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न करने का कष्ट करेंगें। ऐसे प्राध्यापकों जिनको कि आकस्मिकता/चिकित्सकीय/अन्य कारणों से अवकाश पूर्वानुमोदित हो के अतिरिक्ति अन्य प्राध्यापकों द्वारा परीक्षा कार्य दायित्वों से अनुपस्थिति/असहमति की दशा में यह विश्वविद्यालय कार्य दायित्वों के प्रति लापरवाही मानीं जायेगी, जिस हेतु सम्बन्धित प्राध्यापक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

उक्त आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त परिसर निदेशक/संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष को इस आशय से प्रषित कि सम्बन्धित विभाग में समस्त शिक्षकों को सूचित करें।
2. केन्द्राध्यक्ष, बिड़ला परिसर।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/नियंता/मुख्य छात्रावास अधीक्षक/पुस्तकालयाध्यक्ष।
4. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक/निदेशक आई॰क्यू॰ए॰सी॰/एम॰एम॰एम॰टी॰सी॰।
5. समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/जनसम्पर्क अधिकारी।
6. प्रभारी सिस्टम मैनेजर को उक्तानुसार विश्वविद्यालय की वैब साईट पर अपलोड करने हेतु।
7. प्रति कुलपति महोदय के सादर सूचार्थ प्रषित।
8. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
9. गार्ड फाइल।

कुलसचिव